

# प्लैनेट न्यूज़ इंडिया

हर खबर सच के साथ

अलीगढ़,बुधवार,05,अक्टूबर,2025 Follow us on:/ planetnewsindia776@gmail.com


## SBI Clerk Prelims Result

### एसबीआई क्लर्क प्रीलिम्स का रिजल्ट घोषित, 6589 पदों पर होगी भर्ती; जानें अगला चरण



**SBI Clerk Prelims Result 2025 Result:** स्टेट बैंक ऑफ इंडिया (SBI) ने क्लर्क (जूनियर एसोसिएट) प्रीलिम्स परीक्षा 2025 का परिणाम जारी कर दिया है। परीक्षा में शामिल सभी अभ्यर्थी अब अपना रिजल्ट SBI की आधिकारिक वेबसाइट sbi.co.in पर जाकर चेक कर सकते हैं। रिजल्ट देखने के लिए उम्मीदवारों को अपना रोल नंबर और जन्मतिथि दर्ज करके लॉग इन करना होगा। एसबीआई क्लर्क प्रीलिम्स परीक्षा का आयोजन 20, 21 और 27 सितंबर 2025 को देशभर के विभिन्न परीक्षा केंद्रों पर किया गया था। इस भर्ती अभियान के तहत कुल 6589 पदों पर नियुक्ति की जाएगी, जिनमें 5180 रेगुलर पद और 1409 बैकलॉग पद शामिल हैं।

**श्रेणीवार रिक्तियां**

एसबीआई द्वारा क्लर्क पदों पर कुल 6589 रिक्तियों के लिए भर्ती प्रक्रिया चलाई जा रही है। इनमें जनरल कैटेगरी के 2225 पद, EWS के 508 पद, OBC के 1179 पद, अनुसूचित जाति (SC) के 788 पद और अनुसूचित जनजाति (ST) के 450 पद शामिल हैं।

**अगला चरण**

इस भर्ती की चयन प्रक्रिया तीन चरणों में पूरी की जाएगी। सबसे पहले ऑनलाइन प्रारंभिक परीक्षा (Prelims) आयोजित की गई, जिसके सफल उम्मीदवारों को मुख्य परीक्षा (Mains) के लिए बुलाया जाएगा। मुख्य परीक्षा पास करने के बाद, यदि किसी उम्मीदवार ने 10वीं या 12वीं कक्षा में संबंधित राज्य की स्थानीय भाषा (Local Language) नहीं पढ़ी है, तो उसे उस भाषा में लोकल लैंग्वेज टेस्ट देना होगा।

## Delhi: ट्रैफिक पुलिस का प्रदूषण पर वार,

### गत वर्ष के मुकाबले इस साल 10 महीनों में 16 फीसदी ज्यादा चालान किए




दिल्ली ट्रैफिक पुलिस ने वर्ष 2025 के शुरुआती 10 महीनों में पिछले वर्ष 2024 के मुकाबले 16 फीसदी ज्यादा चालान किए गए हैं। इनमें सबसे ज्यादा चालान प्रदूषण फैलाने वाले 7,12132 वाहनों के किए गए। इनके पास वैध प्रदूषण प्रमाण पत्र नहीं था। पिछले वर्ष ऐसे 5,98136 वाहनों का चालान किया गया था। इस सीजन में ग्रेप लागू होने से (14 अक्तूबर से लेकर 2 नवंबर) अब तक प्रमाण पत्र के चलने वाले 46,921 वाहनों का चालान किया गया। ग्रेप के विंटर सीजन में यानी 1 अक्तूबर से 2 नवंबर तक कुल 33 दिनों में कुल 72,185 वाहनों का चालान किया गया। यानी कुल 19 दिनों में बिना वैध प्रदूषण दिल्ली पुलिस की ट्रैफिक यूनिट की ओर से मिलें डाटा को देखे तो वर्ष 2024 में वर्ष 2023 के मुकाबले 61.2 फीसदी ज्यादा चालान किए गए। वर्ष 2023 में जहां 232020 चालान किए गए हैं वहीं वर्ष 2024 में कुल 598136 चालान किए गए। बिना प्रदूषण के चलने वाले वाहन का 10 हजार रुपये का चालान होता है। खुले रूप से कूड़ा ले जाने वाले वाहनों को 20 हजार का चालान होता है। डंपर में खुले रूप से कूड़ा आदि ले जाने वाले 204 वाहनों का गत 19 दिनों में चालान किया गया है। इस साल अभी तक कुल 1103 चालान किए गए हैं। इस साल इस साल अभी तक कुल 1103 चालान किए गए हैं। आंकड़ों के अनुसार 10 व 15 वर्ष पुराने वाहनों को भी जब्त करने की प्रक्रिया जारी है। एक अक्तूबर से दो नवंबर तक 1 वाहनों जब्त किया गया है। इस वर्ष में अभी तक कुल 19,479 वाहनों को जब्त किया गया है। वर्ष 2024 में कुल 11,916 जबकि वर्ष 2023 में 528 वाहनों को जब्त किया गया था।



## बाहुबल का बोलबाला: बिहार चुनाव में कई बाहुबली और उनके रिश्तेदार हैं मैदान में, पक्ष-विपक्ष किसी को नहीं परहेज




बिहार में चुनाव में पहले चरण का प्रचार मंगलवार को थम गया। गुरुवार को राज्य की 121 सीटों पर वोट डाले जाएंगे। दूसरे चरण का प्रचार अपने चरम पर है। बिहार में हर चुनाव की तरह इस विधानसभा चुनाव में भी बाहुबली उम्मीदवारों की चर्चा है। सत्ता पक्ष जहां शहाबुद्दीन के बेटे ओसामा शहाब को टिकट देने पर राजद को घेर रहा है। वहीं, मोकामा में जदयू उम्मीदवार और बाहुबली अनंत सिंह भी चर्चा में हैं। अनंत को तो चुनाव प्रचार के बीच में गिरफ्तार कर लिया गया है। उनके ऊपर हत्या का आरोप है। इन दोनों के अलावा भी कई बहुबली या बहुबली परिवार के लोग चुनाव में अपनी किस्मत आजमा रहे हैं। इन बाहुबलियों से किसी दल ने कोई परहेज नहीं किया है। बाहुबली मुन्ना शुक्ला की बेटी शिवानी शुक्ला को राजद ने लालगंज सीट से टिकट दिया है। इस सीट से मुन्ना शुक्ला और उनकी पत्नी अनु शुक्ला भी विधायक रहे चुकी हैं।

## Baba Vanga: क्या 2026 में छिड़ेगा विश्वयुद्ध

### और दुनिया का हो जाएगा विनाश? बाबा वेंगा की भविष्यवाणियों ने डराया




Baba Vanga Prediction 2026: बाबा वेंगा की साल 2026 को लेकर की गईं भविष्यवाणियां एक बार फिर चर्चा में हैं। इन भविष्यवाणियों ने दुनिया को डरा दिया है। बाबा वेंगा को बाल्कन क्षेत्र की नॉस्त्रेदमस कहा जाता है। दुनियाभर में उनकी भविष्यवाणियों की चर्चा होती है। बाबा वेंगा का जन्म बुल्गारिया में साल 1911 में हुआ था और साल 1996 में 86 साल की उम्र में उनका निधन हो गया था। बाबा वेंगा की आंखों की रोशनी सिर्फ 12 साल की उम्र में ही चली गई थी। बाबा वेंगा ने सोवियत संघ के विघटन, अमेरिका में आतंकी संगठन अलकायदा के 9/11 हमले समेत कई भविष्यवाणियां की थीं, जो बिल्कुल सच साबित हुई हैं। बाबा वेंगा ने कई वर्षों के युद्ध और महामारियों की भविष्यवाणी की है। अब 2026 की शुरुआत होने में सिर्फ दो महीने बचे हैं। इस साल के लिए महायुद्ध, आर्थिक तंगी सहित तमाम तरह की भविष्यवाणियां की गई हैं। बाबा वेंगा की भविष्यवाणी के मुताबिक, साल 2026 में रूस से एक शक्तिशाली नेता सामने आएग, जिसका दुनिया पर प्रभाव हो सकता है। वह “Lord of the World" यानी विश्व का शक्तिशाली स्वामी के तौर पर जाना जा सकता है।

## US: अमेरिकी सेना ने प्रशांत महासागर में 16वीं बार की ड्रग तस्करों पर स्ट्राइक, दो की मौत; सैन्य तैनाती बढ़ाई



अमेरिका के रक्षा मंत्री पीट हेगसेथ ने मंगलवार को एक और ड्रग तस्करी में शामिल नाव पर घातक हमले की घोषणा की। यह हमला पूर्वी प्रशांत महासागर में हुआ, जिसमें नाव पर सवार दो लोगों की मौत हो गई। यह ट्रंप प्रशासन की ड्रग तस्करी विरोधी अभियान की 16वीं बड़ी कार्रवाई है। अब तक इन हमलों में कम से कम 66 लोगों की मौत हो चुकी है। रक्षा मंत्री हेगसेथ ने कहा हम अमेरिका में जहर फैलाने वाले हर ड्रग तस्कर और उनकी नौकाओं का अंत करेंगे। सोशल मीडिया पर रक्षा मंत्री हेगसेथ द्वारा साझा किए गए वीडियो में एक नाव को हवा में उड़ाते हुए दिखाया गया है। वीडियो में नाव को आग की लपटों में घिरा हुआ भी देखा जा सकता है। अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने इन हमलों को सही ठहराते हुए कहा कि अमेरिका ड्रग कार्टेल्स के साथ सशस्त्र संघर्ष में है और दावा किया कि ये नावें विदेशी आतंकी संगठनों द्वारा चलाई जाती हैं। हालांकि, प्रशासन ने अब तक इस दावे के ठोस सबूत पेश नहीं किए हैं। रिपब्लिकन और डेमोक्रेटिक दोनों दलों के सांसदों ने प्रशासन से इस अभियान के कानूनी आधार पर अधिक जानकारी देने की मांग की है।

# Aaj Ka Rashifal 5 November

## मिथुन, कर्क और सिंह राशि वालों को सुनने को मिल सकती है अच्छी खबर



5 November Ka Rashifal: आचार्य मानस शर्मा से जानिए चंद्र राशि पर आधारित मेष, वृषभ, मिथुन, कर्क, सिंह, कन्या, तुला, वृश्चिक, धनु, मकर, कुंभ और मीन राशि वालों के लिए 5 नवंबर 2025 का राशिफल।आज 5 नवंबर, बुधवार का दिन है। आज के दिन कार्तिक पूर्णिमा का पर्व मनाया जा रहा है। आज चंद्रमा का गोचर दिन रात मंगल की राशि मेष में है।

### मेष

आज आपको अपने कामों पर ध्यान केंद्रित करना होगा। सरकारी कामों को लेकर यदि आपका कोई कोर्ट-कचहरी से संबंधित मामला चल रहा है, तो उसमें आपको कुछ अच्छे वकील से बातचीत करने की आवश्यकता है। आपको अपने पिताजी की कोई बात बुरी लगेगी, लेकिन फिर भी आप उनसे कुछ नहीं कहेंगे। यदि आप कहीं बाहर जाने की योजना बना रहे हैं, तो आपकी वह इच्छा भी पूरी हो सकती है।

### वृषभ

आज आपके सामने कुछ ऐसे खर्च आएंगे, जो आपको मजबूरी में ना चाहते हुए भी करने पड़ेंगे, लेकिन आप संतान की फरमाइश पर यदि कोई काम करें, तो उसमें आपको थोड़ा समझदारी दिखाने की आवश्यकता है। किसी विपरीत परिस्थिति में भी आपको ध्यान रखना होगा। आपको किसी पुराने मित्र से लंबे समय बाद मिलने का मौका मिलेगा। आप उन्नति की राह पर आगे बढ़ेंगे।

### मिथुन

आज का दिन आपके लिए बिजनेस में बढ़िया रहने वाला है। मित्रों और करीबियों का साथ आपको मिलेगा। आपको किसी पुरानी गलती से सबक लेना होगा। आपका कोई विरोधी आपको परेशान करने की कोशिश कर सकता है। संतान पक्ष की ओर से आपको कोई खुशखबरी सुनने को मिल सकती है। आपकी किसी बात को लेकर माताजी परेशान रहेंगी। यदि ऐसा हो, तो आप उन्हे मनाने की पूरी कोशिश करें।

### कर्क

आज आपकी राजनीति में अच्छी छाप रहेगी। शासन और सस्ता का आपको पूरा लाभ मिलेगा। प्रतिस्पर्धा का भाव आपके मन में बना रहेगा। आपको अपने प्रशासनिक कार्यों पर पूरा ध्यान देना होगा। खर्चों को लेकर आप नियंत्रण बनाकर रखें। सरकारी योजनाओं का आपको पूरा लाभ मिलेगा। विद्यार्थियों की पढ़ाई-लिखाई में लापरवाही कोई बड़ी मुश्किल बन सकती है।

### सिंह

आज का दिन आपके लिए भाग्य के दृष्टिकोण से अच्छा रहने वाला है। आपको अपने निजी मामलों को मिल बैठकर निपटाना बेहतर रहेगा। नवविवाहित जातकों के जीवन में किसी नए मेहमान की दस्तक हो सकती हैं। परिवार में आपको कोई जिम्मेदारी सोच समझकर डालनी होगी। संतान पढ़ाई-लिखाई को लेकर कहीं बाहर जा सकती हैं और आपके बिजनेस में भी आपको अच्छा लाभ मिलेगा, जिससे आपके रुके हुए काम भी आसानी से पूरे होंगे।

### कन्या

आज आप अपने कामों को लेकर धैर्य और संयम बनाए रखें। कार्यक्षेत्र में भी काम को लेकर ज्यादा परेशान ना हो और उसे तसल्ली से निपटाने की कोशिश करें। आपके बॉस के साथ आपके रिश्ते थोड़ा खराब हो सकते है, जो आपकी मुश्किलों को बढ़ाएगा। किसी काम में उसके नीति-नियमों पर आपको पूरा ध्यान देना होगा। परस्पर सहयोग की भावना आपके मन में बनी रहेगी। आपको किसी पुराने मित्र की याद सता सकती है।

### तुला

आज का दिन आपके लिए कामकाज के मामले में बढ़िया रहने वाला है। स्थायित्व की भावना आपके मन में रहेगी। आपको अपने आवश्यक कार्य को समय से निपटाने की कोशिश करें। आप किसी दूसरे पर डिपेंड ना रहें। यदि आपने किसी से धन उधार लिया था, तो वह आपसे वापस मांग सकता है। मामा पक्ष से आपको धन लाभ मिलता दिख रहा है। जीवनसाथी की सेहत में गिरावट आ सकती है। आप अपने किसी मित्र से यदि कोई मदद मांगेंगे, तो वह भी आसानी से मिल जाएगी।

### वृश्चिक

आज का दिन राजनीतिक की ओर प्रयास कर रहे लोगों के लिए बढ़िया रहने वाला है। करियर में आपको कुछ समस्याओं का सामना करना बढ़ेगा। आप किसी बात को लेकर जिद या अहंकार ना दिखाएं। आप अपनी मेहनत और लगन से कामों को करें, तो आपके लिए बेहतर रहेगा। आपका निर्णय लेने की क्षमता भी बेहतर रहेगी। आप किसी बात को लेकर लापरवाही बिल्कुल ना करें। आपकी कुछ नया करने की इच्छा जागृत हो सकती है। आपको अपने रहन-सहन के स्तर में बदलाव लाना होगा।

### धनु

आज आपको भावनाओं में बहकर कोई काम करने से बचना होगा। आप किसी मनोरंजन के कार्यक्रम में सम्मिलित हो सकते हैं। सगे संबंधियों पर आपका पूरा ध्यान रहेगा। विद्यार्थियों का पढ़ाई-लिखाई को लेकर ध्यान थोड़ा डगमगा सकता है, जिससे परीक्षा में उन्हें समस्याओं का सामना करना पड़ेगा। आपके घर किसी अतिथि का आगमन होने से माहौल खुशनुमा रहेगा। यदि आपने किसी से कोई वादा किया है, तो आप उसे समय रहते पूरा करने की कोशिश करें।

### मकर

आज का दिन आपके लिए समस्याएं लेकर आएगा। आप किसी दूसरे के मामले में बेवजह न बोले और परिवार में किसी वरिष्ठ सदस्य की सेहत में गिरावट आने से आपको थोड़ी टेंशन रहेगी। आपने अपने पिताजी की सेहत को लेकर यदि कोई लापरवाही दिखायी, तो बाद में वह कोई बड़ी बीमारी बन सकती हैं और संतान के मनमानी व्यवहार को लेकर आपको थोड़ी टेंशन भी रहेगी। यदि आपने आपने शेयर मार्केट आदि में इन्वेस्टमेंट किया, तो उससे आपको इतने अच्छे लाभ नहीं मिलेंगे।

### कुंभ

आज का दिन आपके लिए साहस में वृद्धि लेकर आने वाला है। आप अपने महत्वपूर्ण कामों पर पूरा ध्यान दें। भाइयों के साथ आपकी खूब पटेगी और कोई सरकारी काम यदि लंबे समय से रुका हुआ था, तो वह भी आपके किसी मित्र की मदद से पूरा हो सकता है। आप अपने शौक मौज की चीजों के खरीदारी के लिए अच्छा खासा खर्चा करेंगे। प्रेम और सहयोग की भावना आपके मन में बनी रहेगी। आप किसी बिजनेस से संबंधित काम को लेकर कहीं बाहर जा सकते हैं।

### मीन

आज का दिन आपके लिए खुशनुमा रहने वाला है। आज आप सबका दिल जीतने में कामयाब रहेंगे। परिवार में किसी नए मेहमान का आगमन होने से माहौल में खुशनुमा रहेगा और आपको अपने बिजनेस में कामों को लेकर लापरवाही बिल्कुल नहीं दिखानी है। पार्टनरशिप में यदि किसी काम की शुरूआत की, तो उसमें आप अपने पार्टनर पर पूरी निगरानी बनाकर रखें। किसी लड़ाई-झगड़े से दूर ही रहें, तो आपके लिए बेहतर रहेगा।

आज के दिन कार्तिक पूर्णिमा का पर्व पर गुरु, चंद्रमा और शुक्र बहुत ही शुभ योग बना रहे हैं। आज के दिन मालव्य राजयोग भी है। आइए जानते हैं इस सभी राशियों पर कैसा पड़ेगा प्रभाव। जानते हैं आज का राशिफल। राशिफल को निकालते समय ग्रह-नक्षत्र के साथ-साथ पंचांग की गणना का विश्लेषण किया जाता है। दैनिक राशिफल (Dainik Rashifal) ग्रह-नक्षत्र की चाल पर आधारित फलादेश है, जिसमें सभी राशियों (मेष, वृष, मिथुन, कर्क, सिंह, कन्या, तुला, वृश्चिक, धनु, मकर, कुंभ और मीन) का दैनिक भविष्यफल विस्तार से बताया जाता है। आज के राशिफल में आपके लिए नौकरी, व्यापार, लेन-देन, परिवार और मित्रों के साथ संबंध, सेहत और दिनभर में होने वाली शुभ-अशुभ घटनाओं का भविष्यफल होता है। इस राशिफल को पढ़कर आप अपनी दैनिक योजनाओं को सफल बनाने में कामयाब रहेंगे।

# UP:प्रदेश के कई जिलों में आज रह सकते हैं बादल

## कोहरे की वजह से तापमान में आएगी बड़ी गिरावट; जानिए पूर्वानुमान



यूपी के मौसम में उतार-चढ़ाव जारी है। आने वाले दिनों में बादल और कोहरे की वजह से न्यूनतम और अधिकतम तापमान में गिरावट आएगी। उत्तर प्रदेश में पश्चिमी विक्षोभ के असर से मंगलवार को ज्यादातर इलाकों में बादलों की आवाजाही के साथ धूप-छांव का मौसम रहा। दक्षिणी- पूर्वी यूपी और बुंदेलखंड के झांसी समेत कुछ पश्चिमीइलाकों में हल्की बूंदाबांदी हुई। बुधवार से प्रदेश में मौसम के साफ रहने के संकेत हैं।बुधवार को पूर्वांचल और तराई के इलाकों में सुबह के वक्त धुंध और कोहरा छाए रहने का पूर्वानुमान है। साथ ही आने वाले तीन चार दिनों में रात के पारे में 3 से 4 डिग्री की गिरावट की संभावना जताई गई है। हालांकि इस बीच दिन के अधिकतम तापमान में कोई खास बदलाव के आसार नहीं हैं। मंगलवार को 13.5 डिग्री सेल्सियस न्यूनतम तापमान के साथ बाराबंकी सबसे ठंडा रहा। वहीं कानपुर शहर, इटावा और मुजफ्फरनगर में रात का पारा 15 डिग्री सेल्सियस से नीचे आ गया आंचलिक मौसम विज्ञान केंद्र लखनऊ के वरिष्ठ वैज्ञानिक अतुल कुमार सिंह ने बताया कि बुधवार से प्रदेश में विक्षोभ का असर समाप्त हो जाएगा। साथ ही तीन-चार दिनों में प्रदेश भर में रात के पारे में 3 से 4 डिग्री की गिरावट के संकेत हैं। तराई व पूर्वांचल में सुबह के वक्त धुंध व कोहरे का असर भी दिखाई देगा। राजधानी में मंगलवार को दोपहर बाद मौसम में अचानक बदलाव नजर आया। प्रदेश में सक्रिय हुए पश्चिमी विक्षोभ के असर से मंगलवार को दोपहर बाद बादलों की बादलोंकी आवाजाही रही। हालांकि, दोपहर तक अच्छी धूप खिली रही और दिन के तापमान में 0.4 डिग्री की मामूली बढ़त दर्ज हुई। आंचलिक मौसम विज्ञान केंद्र के वरिष्ठ वैज्ञानिकअतुल कुमार सिंह ने बताया कि बुधवार कोलखनऊमें विक्षोभ का असर समाप्त हो जाएगा।

# बहराइच में हादसा:

## ट्रेलर ने बाइक को मारी टक्कर, एक साल के बच्चे संग चार की मौत; सभी मोटर साइकिल पर थे सवार



Bahraich road accident: बहराइच जिले में लखनऊ-बहराइच मार्ग पर बुधवार की सुबह दर्दनाक हादसा हुआ। इस हादसे में बाइक सवार चार लोगों की मौत हो गई।बहराइच जिले के बहराइच-लखनऊ राजमार्ग पर बुधवार सुबह दर्दनाक हादसा हुआ है। राष्ट्रीय राजमार्ग स्थित मदन कोठी चौराहे पर फखरपुर की तरफ से आ रही गिट्टी भरा ट्रेलर अनियंत्रित हो गया। अनियंत्रित होने के बाद वह सामने से आ रही बाइक की तरफ घूम गया। इस चपेट में चार लोगों की मौत हो गई। इसमें से एक वर्ष का बच्चा भी है। सभी की मौके पर मौत हो गई। ऐसा माना जा रहा है कि सभी की मौत पहिए के नीचे आ जाने के वजह से हुई है। ट्रेलर का ड्राइवर गाड़ी खड़ा करके भाग गया। शवों को पोस्टमॉर्टम हाउस भेजवा दिया गया है। अभी तक मृतकों की शिनाख्त नहीं हो पाई है। बुधवार सुबह करीब 6 बजे लखनऊ-बहराइच राष्ट्रीय राजमार्ग पर स्थित मदन कोठी चौराहे पर एक दर्दनाक हादसा हो गया। फखरपुर की ओर से आ रहा गिट्टी से भरा ट्रेलर (UP 78 JN 9855) कोहरे या चालक को झपकी आने के कारण नियंत्रण खो बैठा और सड़क किनारे खाई में जा गिरा।इसी दौरान सामने से गुजर रही एक बाइक (UP 40 BF 9163) से उसकी जोरदार टक्कर हो गई। बाइक पर एक महिला, एक बच्चा (उम्र करीब 1 वर्ष) और दो पुरुष सवार थे। हादसे में चारों की मौके पर ही मौत हो गई। मृतकों की पहचान अभी तक नहीं हो पाई है।थानाध्यक्ष ब्रह्मा गोड़ ने बताया कि बाइक विजय कुमार सिंह पुत्र रामकुमार, निवासी लालुही (बहराइच) के नाम दर्ज है। उनके मोबाइल नंबर 9450750642 पर संपर्क किया गया, लेकिन फोन रिसीव नहीं हो रहा है। ट्रेलर चालक मौके से फरार हो गया है। पुलिस ने मौके पर पहुंचकर शवों को कब्जे में लिया और पोस्टमार्टम के लिए जिला मोर्चरी भिजवा दिया। थाना प्रभारी ने बताया कि ट्रैफिक सुचारू है और शांति व्यवस्था पूरी तरह नियंत्रण में है। मृतकों की पहचान और उनके परिजनों की खोज की जा रही है।पुलिस ने मौके पर पहुंचकर शवों को कब्जे में लिए और पोस्टमार्टम के लिए जिला मोर्चरी भिजवा दिया। थाना प्रभारी ने बताया कि ट्रैफिक सुचारू है

## 'बॉर्डर 2' से वरुण धवन का फर्स्ट लुक आउट;

### चेहरे पर गुस्सा और हाथों में बंदूक, फैंस बोले- एक और 100 करोड़ी



बॉलीवुड की सबसे प्रतिष्ठित वॉर फिल्मों में से एक 'बॉर्डर' अब अपने सीक्वल के साथ लौटने को तैयार है। 'बॉर्डर 2' से अभिनेता वरुण धवन का पहला लुक आउट हो गया है। फिल्म के पोस्टर में वरुण सेना की वर्दी में नजर आ रहे हैं। उनके चेहरे पर गुस्सा नजर आ रहा है और वो जोर से चिल्लाते हुए नजर आ रहे हैं। उनका फर्स्ट लुक सामने आते ही सोशल मीडिया पर फैंस ने रिएक्शन्स देने शुरू कर दिए। फिल्म के पहले पोस्टर में वरुण धवन को बंदूक थामे, धूल और युद्ध के धुएं के बीच दिखाया गया है। चेहरे पर सख्ती, आंखों में गुस्सा और दिल में देश के लिए जुनून- वरुण का यह लुक उनके अब तक के करियर का सबसे इंटेंस अवतार माना जा रहा है। अभिनेता का यह लुक देखकर तो फैंस यह तक कह रहे हैं कि वरुण ने इस फिल्म के लिए खुद को पूरी तरह से बदल लिया है और यह किरदार उनके करियर का टर्निंग पॉइंट साबित होगा।

## माधुरी दीक्षित के टोरंटो शो पर विवाद बढ़ता देख

### आयोजकों ने दी सफाई, कहा- टीम की गलती से हुई देरी



बॉलीवुड की धक-धक गर्ल माधुरी दीक्षित इन दिनों अपने टोरंटो शो को लेकर चर्चा में हैं। 'दिल से... माधुरी' नाम के इस लाइव इवेंट को लेकर फैंस में नाराजगी देखने को मिली। सोशल मीडिया पर कई लोगों ने शिकायत की कि शो में न तो समय पर शुरुआत हुई और न ही यह वैसा था जैसा प्रचारित किया गया था। कुछ लोगों ने इसे 'कंसर्ट' के बजाय 'टॉक शो' जैसा बताया, तो वहीं कई ने यह आरोप लगाया कि माधुरी काफी देर से पहुंचीं। इस बढ़ते विवाद के बाद अब शो के आयोजकों ने बयान जारी कर अपनी तरफ से सफाई दी है। आयोजक कंपनी 'ट्रू साउंड लाइव लिमिटिड' ने अपने आधिकारिक बयान में कहा कि सोशल मीडिया पर जो गलतफहमियां फैलाई जा रही हैं, वे पूरी तरह भ्रामक हैं। कंपनी ने दावा किया कि इवेंट तय समय पर ही शुरू हुआ था और बॉशुरुआती परफॉर्मेंस में इंडियन आइडल के गायकों ने स्टेज पर शानदार प्रस्तुति दी थी। आयोजकों ने स्पष्ट किया कि पूरा कार्यक्रम पूर्व निर्धारित शेड्यूल के अनुसार चला, लेकिन माधुरी दीक्षित की देरी उनकी टीम की ओर से गलत सूचना देने के कारण हुई।

**'हमने अपना हर वादा निभाया'**

'ट्रू साउंड लाइव लिमिटिड' ने यह भी जोड़ा कि उन्होंने मंच, लाइटिंग, साउंड, दर्शक प्रबंधन और समय-सारिणी जैसी सभी व्यवस्थाएं अनुबंध के अनुसार पूरी की थीं। कंपनी ने फैंस से अपील की है कि वो उपलब्ध वीडियो देखें, जिनमें माधुरी दीक्षित की स्टेज उपस्थिति और उनके प्रदर्शन को साफ देखा जा सकता है। आयोजकों के मुताबिक, उनके पास ऐसे कई सबूत हैं जो यह साबित करते हैं कि शो पूरी तरह पेशेवर तरीके से आयोजित किया गया था।



## मां महिमा के साथ स्पॉट हुईं अर्याना चौधरी;

### खूबसूरती पर फिर मर-मिटे यूजर्स; लोगों ने यूं किया रिएक्ट



फिल्म 'परदेस' से बॉलीवुड में कदम रखने वाली महिमा चौधरी अब अपनी बेटी की वजह से फिर से लाइमलाइट में हैं। अर्याना को जब भी कैमरे ने स्पॉट किया है, लोगों की निगाहें उन पर थम सी गईं। उनकी मुस्कान और आंखों की चमक बिल्कुल अपनी मां जैसी लगती है। अर्याना को देखकर कई लोगों को उनके चेहरे पर मासूमियत नजर आती है।

## कनाडा में पंजाबी सिंगर के घर पर हुई फायरिंग

### लॉरेंस बिश्नोई गैंग ने ली जिम्मेदारी; छह दिन में दूसरी घटना



Punjabi Singer Residence Firing Incident: कनाडा में एक बार फिर पंजाबी सिंगर के घर पर गोलीबारी की घटना को अंजाम दिया गया है। इस हमले की जिम्मेदारी लॉरेंस बिश्नेई गैंग के सदस्य ने ली है। कनाडा में रह रहे पंजाबी सिंगर्स एक बार फिर गैंगवार के निशाने पर आ गए हैं। बीते कुछ महीनों से लगातार कलाकारों पर फायरिंग की घटनाएं सामने आ रही हैं। अब ताजा मामला पंजाबी सिंगर चन्नी नट्टन के घर पर हुई गोलीबारी का है, जिसने संगीत जगत को हिला कर रख दिया है। बताया जा रहा है कि इस हमले की जिम्मेदारी लॉरेंस बिश्नोई गैंग के सदस्य गोल्डी ढिल्लों ने खुद ली है।कनाडा में पंजाबी सिंगर्स और उद्यमियों को लेकर गैंगवार की घटनाएं थमने

## विरोधियों पर लगाया ये इल्जाम

### जुबीन गर्ग निधन केस में असम के CM ने दिया बयान, कहा- आरोपपत्र दाखिल करेंगे



Zubeen Garg Death Case: गायक जुबीन गर्ग के निधन मामले में हर दिन नया अपडेट सामने आ रहा है। इस मामले में असम के मुख्यमंत्री हिमंत बिस्वा सरमा ने नया बयान दिया है।गायक जुबीन गर्ग के निधन के मामले में पुलिस कार्रवाई कर रही है। इस बीच असम के मुख्यमंत्री हिमंत बिस्वा सरमा ने गुरुवार को कहा कि राज्य सरकार असमिया सुपरस्टार जुबीन गर्ग की मौत के मामले में आरोपपत्र दाखिल करेगी। असम के मुख्यमंत्री ने जुबीन गर्ग की मौत की एसआईटी जांच पर भी पूरा भरोसा जताया है।मुख्यमंत्री हिमंत बिस्वा सरमा ने कहा 'हम आरोपपत्र दाखिल करेंगे और अदालत न्याय करेगी। भाजपा खुलेआम कह रही है, 'हमें अदालत पर भरोसा है।' असम सरकार और मुझे पूरा विश्वास है कि एसआईटी अच्छा काम करेगी। एसआईटी ने वह सब कुछ किया जो जनता चाहती थी। वह सिंगापुर गई, घटनास्थल का दौरा किया और दूसरा पोस्टमार्टम किया। हमने सभी सुझावों का पालन किया।'

## पहली बार साथ काम करेंगे चिरंजीवी और वेंकटेश दग्गुबाती



Chiranjeevi: साउथ सुपरस्टार चिरंजीवी इन दिनों अपनी आगामी फिल्म 'मन शंकर वरप्रसाद गरु' (एमएसवीजी) से चर्चा में हैं। अब अभिनेता ने एक पोस्ट साझा कर पुष्टि कि इस फिल्म में वेंकटेश दग्गबाती भी नजर आएंगे। साउथ सिनेमा इंडस्ट्री के जाने-माने अभिनेता चिरंजीवी की आगामी फिल्म 'मन शंकर वरप्रसाद गरु' (एमएसवीजी) को लेकर एक बड़ी अपडेट आई है। इस फिल्म में अभिनेता वेंकटेश दग्गुबाती भी दर्शकों का मनोरंजन करते दिखेंगे। इस बात की पुष्टि की खुद चिरंजीवी ने एक पोस्ट के जरिए दी है। जानिए उन्होंने क्या लिखा।

अभिनेता चिरंजीवी ने आगामी फिल्म 'एमएसवीजी' का एक क्लिप अपने एक्स अकाउंट पर साझा किया है। इस 37 सेकेंड के वीडियो में वेंकटेश दग्गुबाती खास अंदाज में नजर आ रहे हैं। फिर आगे दिखता है कि दोनों अभिनेता वेंकटेश और चिरंजीवी एक साथ गले मिलते हैं। इस पोस्ट को शेयर करते हुए चिरंजीवी ने ट्वीट के कैप्शन में लिखा, 'मेरे प्रिय मित्र वेंकटेश दग्गुबाती का 'मन शंकर वरप्रसाद गरु' परिवार में स्वागत है।''मन शंकर वरप्रसाद गरु'

# The Bonus Market Update:

## गुरु नानक जयंती पर आज शेयर बाजार बंद; जानें अब कब रहेगी छुट्टी



गुरु नानक जयंती के मौके पर आज भारतीय शेयर बाजार में कारोबार नहीं होगा। हॉलिडे लिस्ट के मुताबिक 5 नवंबर को बीएसई और एनएसई दोनों बंद रहेंगे। आइए विस्तार से जानें।भारतीय शेयर बाजार आज गुरु नानक जयंती के अवसर पर बंद रहेंगे। शेयर मार्केट हॉलिडे लिस्ट के अनुसार आज 5 नवंबर के दिन बीएसई और एनएसई में किसी भी तरह का कारोबार नहीं होगा। यह छुट्टी साल 2025 की दूसरी आखिरी छुट्टी है। वहीं 6 नवंबर यानी गुरुवार को शेयर बाजार सामान्य रूप से खुला रहेगा। एक्सचेंजों के जारी हॉलिडे कैलेंडर के अनुसार यह नवंबर महीने का इकलौता मार्केट हॉलिडे है।शेयर मार्केट हॉलिडे लिस्ट के मुताबिक हर शनिवार और रविवार को बाजार बंद रहता है। इन दोनों दिनों में किसी भी प्रकार की ट्रेडिंग नहीं की जाती। इसके अलावा, आने वाले समय में 25 दिसंबर को भी शेयर बाजार बंद रहेगा। इस दिन पूरे देश में क्रिसमस का त्योहार मनाया जाता है, इसलिए उस दिन शेयर बाजार में लेनदेन नहीं होगा।वहीं भारतीय बाजार 4 नवंबर को लाल निशान पर बंद हुआ। 30 शेयरों वाला बीएसई सेंसेक्स 519.24 अंक गिरकर 83,459.15 अंक पर बंद हुआ। वहीं, एनएसई निफ्टी 165.70 अंक गिरकर 25,597.65 अंक पर आ गया।

# The Bonus Market

## लाल निशान पर बंद हुआ भारतीय शेयर बाजार; सेंसेक्स 519 अंक टूटा, निफ्टी 25600 के नीचे



Sensex-Nifty Closing Bell: हफ्ते के दूसरे कारोबारी दिन यानी मंगलवार को भारतीय बाजार लाल निशान पर बंद हुआ। 30 शेयरों वाला बीएसई सेंसेक्स 519.24 अंक गिरकर 83,459.15 अंक पर बंद हुआ। वहीं, एनएसई निफ्टी 165.70 अंक गिरकर 25,597.65 अंक पर आ गया।विदेशी पूंजी की लगातार निकासी और एशियाई व यूरोपीय बाजारों में कमजोर रुख के बीच मंगलवार को शेयर बाजार के प्रमुख सूचकांक सेंसेक्स और निफ्टी में गिरावट दर्ज की गई। 30 शेयरों वाला बीएसई सेंसेक्स 519.24 अंक या 0.62 प्रतिशत गिरकर 83,459.15 अंक पर बंद हुआ। कारोबार के दौरान यह 565.72 अंक या 0.67 प्रतिशत गिरकर 83,412.77 अंक पर बंद हुआ। वहीं 50 शेयरों वाला एनएसई निफ्टी 165.70 अंक या 0.64 प्रतिशत गिरकर 25,597.65 अंक पर बंद हुआ।विदेशों में कच्चे तेल की कीमतों में गिरावट के कारण मंगलवार को रुपया रिकॉर्ड निचले स्तर से उबरकर अमेरिकी डॉलर के मुकाबले 11 पैसे की बढ़त के साथ 88.66 (अनंतिम) पर बंद हुआ।सेंसेक्स की कंपनियों में पावर ग्रिड, इटर्नल, टाटा मोटर्स, टाटा स्टील, मारुति और भारत इलेक्ट्रॉनिक्स प्रमुख रूप से पिछड़ने वाले शेयरों में शामिल रहे। वहीं, टाइटन, भारती एयरटेल, बजाज फाइनेंस, महिंद्रा एंड महिंद्रा और भारतीय स्टेट बैंक को लाभ हुआ।एशियाई बाजारों में दक्षिण कोरिया का कोस्पी, जापान का निक्केई 225 सूचकांक, शंघाई का एसएसई कम्पोजिट सूचकांक और हांगकांग का हैंग सेंग सूचकांक गिरावट के साथ बंद हुए। सोमवार को यूरोप के बाजार नकारात्मक दायरे में कारोबार कर रहे थे, जबकि अमेरिकी बाजार अधिकतर बढ़त के साथ बंद हुए।

# Business Roundup:

## लगातार चौथे दिन गिरा शेयर बाजार; सोना-चांदी रिकॉर्ड हाई से नीचे, यहां पढ़ें कारोबार की खबरें




Business Roundup: बेंचमार्क शेयर सूचकांक सेंसेक्स और निफ्टी बुधवार को उतार-चढ़ाव भरे कारोबार के बाद लाल निशान पर बंद हुए। सोने और चांदी की कीमतों में बुधवार को रिकॉर्ड ऊंचाई से गिरावट आई। इस बीच, रुपया शुरुआती निचले स्तर से उबरकर अमेरिकी डॉलर के मुकाबले 88.72 पर लगभग स्थिर बंद हुआ। बिजनेस राउंडअप में पढ़ें कारोबार जगत की खबरें एक ही क्लिक में।

भारतीय और वैश्विक अर्थव्यवस्था से जुड़ी कई खबरें मंगलवार को कारोबार जगत की सुर्खियां बनीं। बेंचमार्क शेयर सूचकांक सेंसेक्स और निफ्टी बुधवार को उतार-चढ़ाव भरे कारोबार के बाद लाल निशान पर बंद हुए। डॉलर में सुधार और फेडरल रिजर्व के चेयरमैन जेरोम पॉवेल द्वारा मंगलवार को दिए गए भाषण में की गई आक्रामक टिप्पणियों के कारण सोने की कीमतें अपने रिकॉर्ड उच्च स्तर से थोड़ी नीचे आ गई हैं। केंद्रीय मंत्रिमंडल ने बुधवार को रेलवे कर्मचारियों के लिए 1,866 करोड़ रुपये के उत्पादकता-आधारित बोनस (पीएलबी) को मंजूरी दे दी। आइए बिजनेस राउंडअप में इन खबरों पर विस्तार से एक नजर डालें।विदेशी पूंजी निकासी और अमेरिका में एच-1बी वीजा शुल्क में भारी वृद्धि की चिंता के कारण बुधवार को बेंचमार्क शेयर सूचकांक सेंसेक्स और निफ्टी में लगातार चौथे दिन गिरावट

# Gold Silver Price:

## सोने की कीमतों में आई 1200 रुपये की गिरावट, चांदी के दाम भी घटे, जानिए आज का भाव



सोने की कीमत मंगलवार को 1,200 रुपये की गिरावट के साथ 1,24,100 रुपये प्रति 10 ग्राम रह गई। वहीं चांदी भी 2,500 रुपये की भारी गिरावट के साथ 1,51,500 रुपये प्रति किलोग्राम (सभी करों सहित) रह गई।कमजोर वैश्विक संकेतों के बीच मंगलवार को राजधानी दिल्ली में सोने की कीमत 1,200 रुपये की गिरावट के साथ 1,24,100 रुपये प्रति 10 ग्राम रह गई। 99.5 प्रतिशत शुद्धता वाली इस बहुमूल्य धातु की कीमत 1,200 रुपये की गिरावट के साथ 1,23,500 रुपये प्रति 10 ग्राम पर आ गई। वहीं चांदी भी 2,500 रुपये की भारी गिरावट के साथ 1,51,500 रुपये प्रति किलोग्राम (सभी करों सहित) रह गई। अखिल भारतीय सर्राफा संघ ने इसकी पुष्टि की है। विशेषज्ञों ने कहा कि अमेरिकी फेडरल रिजर्व के कई अधिकारियों की टिप्पणियों से अगले महीने ब्याज दरों में कटौती की उम्मीदें धूमिल हुई। एचडीएफसी सिक्योरिटीज के वरिष्ठ विश्लेषक (कमोडिटीज) सौमिल गांधी ने कहा कि मजबूत डॉलर और फेडरल रिजर्व के कई अधिकारियों की आक्रामक टिप्पणियों के कारण मंगलवार को सोने में गिरावट आई। अधिकारियों ने अगले महीने ब्याज दरों में कटौती की संभावना को खारिज कर दिया।डॉलर सूचकांक, जो छह मुद्राओं के मुकाबले डॉलर की ताकत को मापता है, 0.12 प्रतिशत बढ़कर 99.99 पर पहुंच गया, जो तीन महीने का उच्चतम स्तर है, जिससे कीमती धातुओं पर भी दबाव पड़ा।

# Crude Oil

## रूस पर अमेरिका के प्रतिबंधों से कच्चे तेल की कीमतों में चार फीसदी से अधिक उछाल, बाजार में हलचल



अमेरिका की इस सख्ती के बाद बृहस्पतिवार को वैश्विक बाजार में कच्चे तेल की कीमतों में 4 फीसदी से ज्यादा उछाल दर्ज किया गया। ब्रेंट क्रूड 2.71 डॉलर या 4.3 फीसदी की बढ़ोतरी के साथ 65.30 डॉलर प्रति बैरल के स्तर पर पहुंच गया।यूक्रेन में शांति समझौते पर बातचीत के लिए रूसी राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन पर दबाव बनाने के प्रयास के तहत अमेरिका ने रूस की दो सबसे बड़ी तेल कंपनियों रोसनेफ्ट और लुकोइल पर प्रतिबंध लगा दिया है। इन प्रतिबंधों में अमेरिका में रोसनेफ्ट और लुकोइल की सभी संपत्तियों को जब्त करना भी शामिल है। अमेरिका की इस सख्ती के बाद बृहस्पतिवार को वैश्विक बाजार में कच्चे तेल की कीमतों में 4 फीसदी से ज्यादा उछाल दर्ज किया गया। ब्रेंट क्रूड 2.71 डॉलर या 4.3 फीसदी की बढ़ोतरी के साथ 65.30 डॉलर प्रति बैरल के स्तर पर पहुंच गया। अमेरिकी वेस्ट टेक्सास इंटरमीडिएट (डब्ल्यूटीआई) क्रूड की कीमतें 2.56 डॉलर या 4.40 फीसदी के उछाल के साथ 61.06 डॉलर प्रति बैरल पहुंच गईं।अमेरिका से पहले ब्रिटेन ने भी पिछले सप्ताह रोसनेफ्ट और लुकोइल पर प्रतिबंध लगाए हैं। यूरोपीय संघ के देशों ने भी रूस के खिलाफ प्रतिबंधों के 19वें पैकेज को मंजूरी दी, जिसमें रूसी एलएनजी के आयात पर पाबंदी लगाना भी शामिल है। यूबीएस के विश्लेषक जियोवानी स्टानोवो ने कहा, वैश्विक तेल बाजारों पर इन प्रतिबंधों का पड़ने वाला असर इस बात पर निर्भर करेगा कि भारत कैसी प्रतिक्रिया देता है और क्या रूस को वैकल्पिक खरीदार मिलते हैं।

# BOOK YOUR ADVERTISEMENT



+91 7088120612


















# Virat Kohli 5 Best Innings:

## वो 5 पारियां जिन्होंने बनाया विराट कोहली को 'किंग', जब अकेले दम पर जीत लिया हर दिल




विराट कोहली की ये पांच पारियां सिर्फ स्कोरकार्ड पर दर्ज आंकड़े नहीं हैं, बल्कि भारतीय क्रिकेट की भावनाओं की गाथा हैं। वो बल्लेबाज जिसने मुश्किल पलों में जीत की उम्मीदें हमेशा जिंदा रखीं।भारतीय क्रिकेट के इतिहास में विराट कोहली वो नाम है जो सिर्फ एक बल्लेबाज नहीं, बल्कि एक युग की पहचान बन गया। आज विराट अपना 37वां जन्मदिन मना रहे हैं। दो दशक के करीब के करियर में उन्होंने 27,000 से ज्यादा अंतरराष्ट्रीय रन बनाए और 82 शतक जड़े। यह आंकड़े उनके समर्पण और क्लास को बयां करते हैं। कोहली को रन मशीन यूं ही नहीं कहा जाता। जब टीम मुश्किल में होती है, तब विराट का बल्ला सबसे ज्यादा बोलता है। आइए नजर डालते हैं उनकी पांच सबसे यादगार पारियों पर, जो हमेशा क्रिकेट फैंस के दिलों में दर्ज रहेंगी ।इस पारी को एक विराट' चमत्कार' भी कहा जाता है। टी20 विश्व कप 2022 का मुकाबला भारत और पाकिस्तान के बीच किसी फाइनल से कम नहीं था। भारत का स्कोर था- 31 पर 4 विकेट, और जीत की उम्मीद लगभग खत्म। लेकिन विराट ने जो किया, वो किसी फिल्मी कहानी से कम नहीं था। उन्होंने 53 गेंदों में नाबाद 82 रन बनाए और भारत को असंभव जीत दिलाई।, बल्कि एक युग की पहचान बन गया। आज विराट अपना 37वां जन्मदिन मना रहे हैं। दो दशक के करीब के करियर में उन्होंने 27,000 से ज्यादा अंतरराष्ट्रीय रन बनाए और 82 शतक जड़े। यह आंकड़े उनके समर्पण और क्लास को बयां करते हैं। कोहली को रन मशीन यूं ही नहीं कहा जाता। जब टीम मुश्किल में होती है, तब विराट का बल्ला सबसे ज्यादा बोलता है। आइए नजर डालते हैं उनकी पांच सबसे यादगार पारियों पर, जो हमेशा क्रिकेट फैंस के दिलों में दर्ज रहेंगी ।इस पारी को एक विराट' चमत्कार' भी कहा जाता है। टी20 विश्व कप 2022 का मुकाबला भारत और पाकिस्तान के बीच किसी फाइनल से कम नहीं था। भारत का स्कोर था- 31 पर 4 विकेट, और जीत की उम्मीद लगभग खत्म। लेकिन विराट ने जो किया,

# The Ashes: पहले टेस्ट के लिए

## ऑस्ट्रेलियाई टीम का एलान, लाबुशेन की वापसी; कमिंस की जगह यह खिलाड़ी करेगा कप्तानी




सैम कॉनस्टास, जिन्होंने पांच टेस्ट खेले थे, हाल के खराब फॉर्म की वजह से टीम से बाहर कर दिए गए। उनकी जगह वेदराल्ड को पहली बार टीम में शामिल किया गया है।ऑस्ट्रेलिया क्रिकेट टीम ने इंग्लैंड के खिलाफ एशेज सीरीज 2025-26 के पहले टेस्ट के लिए अपनी 15 सदस्यीय टीम की घोषणा कर दी है। इस टीम में अनुभवी बल्लेबाज मार्नस लाबुशेन की वापसी हुई है, जबकि युवा ओपनर सैम कॉनस्टास को बाहर कर दिया गया है। टीम का एलान बुधवार को मुख्य चयनकर्ता जॉर्ज बेली ने किया, जिसमें सबसे बड़ा सरप्राइज नाम जेक वेदराल्ड का रहा। उन्होंने हाल के घरेलू सीजन में शानदार प्रदर्शन कर चयनकर्ताओं का ध्यान खींचा था। ऑस्ट्रेलिया के नियमित कप्तान पैट कमिंस चोट के कारण पहले टेस्ट से बाहर रहेंगे, ऐसे में स्टीव स्मिथ टीम की अगुआई करेंगे। बेली ने कहा, 'हम टेस्ट समर की शुरुआत को लेकर उत्साहित हैं। टीम में संतुलन अच्छा है और खिलाड़ी घरेलू सीजन से अच्छी लय में आ रहे हैं।'31 वर्षीय जेक वेदराल्ड पिछले घरेलू सीजन में शेफील्ड शील्ड में सबसे ज्यादा रन बनाने वाले खिलाड़ी थे। उन्होंने मौजूदा सीजन में भी लाल गेंद से बेहतरीन प्रदर्शन जारी रखा है। वे पहले टेस्ट में उस्मान ख्वाजा के साथ ओपनिंग कर सकते हैं। दूसरी ओर, सैम कॉनस्टास, जिन्होंने पांच टेस्ट खेले थे, हाल के खराब फॉर्म की वजह से टीम से बाहर कर दिए गए।मार्नस लाबुशेन घरेलू क्रिकेट में लगातार रन बना रहे थे, जिसकी बदौलत उन्हें दोबारा टीम में जगह मिली है। वे टॉप ऑर्डर में अहम भूमिका निभा सकते हैं। इसके अलावा, जोश इंगलिस को भी टीम में शामिल किया गया है, जो एलेक्स कैरी के बैकअप विकेटकीपर होंगे।ऑस्ट्रेलिया की यह टीम अनुभव और युवा जोश का संतुलित मिश्रण है। स्मिथ, ख्वाजा, स्टार्क, और लियोन जैसे दिग्गजों की मौजूदगी टीम को मजबूती देगी, जबकि लाबुशेन और वेदराल्ड नए सीजन में अपनी छाप छोड़ने को तैयार हैं। इंग्लैंड की टीम भी संतुलित है और सीरीज की शुरुआत से पहले ही रोमांच अपने चरम पर पहुंच

# Paris Masters

## मेदवेदेव को हराकर सेमीफाइनल में पहुंचे ज्वेरेव, अब सिनर से होगा सामना; जानें कैसा है रिकॉर्ड



ज्वेरेव ने इस जीत से मेदवेदेव के खिलाफ पिछले दो साल से चला आ रहा पांच मैचों की हार का सिलसिला समाप्त कर दिया। दुनिया में तीसरे नंबर के खिलाड़ी ज्वेरेव सेमीफाइनल में दूसरे नंबर के यानिक सिनर से भिड़ेंगे।अलेक्जेंडर ज्वेरेव ने शानदार प्रदर्शन जारी रखते हुए पेरिस मास्टर्स टेनिस टूर्नामेंट के सेमीफाइनल में जगह बना ली है। ज्वेरेव ने दो मैच प्वाइंट बचाकर डेनिल मेदवेदेव को 2-6, 6-3, 7-6 (5) से हराकर अपने खिताब का बचाव करने की उम्मीद बरकरार रखी। ज्वेरेव ने इस जीत से मेदवेदेव के खिलाफ पिछले दो साल से चला आ रहा पांच मैचों की हार का सिलसिला समाप्त कर दिया। दुनिया में तीसरे नंबर के खिलाड़ी ज्वेरेव सेमीफाइनल में दूसरे नंबर के यानिक सिनर से भिड़ेंगे। पिछले सप्ताहांत वियना फाइनल में दोनों की भिड़ंत हुई थी, जहां सिनर ने तीसरे सेट में 7-5 से जीत हासिल की थी। दोनों का एक दूसरे के खिलाफ रिकॉर्ड 4-4 से बराबर है।

# Harmanpreet Tattoo

## तुम्हारा काफी इंतजार किया, पर अब तुम्हें हर रोज देखूंगी', हरमन ने बांह पर बनवाया खास टैटू

भारतीय कप्तान ने ट्रॉफी का टैटू बनवाया है। साथ ही उस पर 52 लिखवाया है। यानी 52 साल के महिला वनडे विश्व कप के इतिहास में भारत ने पहली बार खिताब जीता।भारतीय महिला टीम ने आईसीसी ट्रॉफी का सूखा आखिर खत्म कर दिया। टीम ने रविवार को दक्षिण अफ्रीका को हराकर पहली बार महिला वनडे विश्व कप का खिताब जीता। इस जीत में पूरी टीम ने अहम भूमिका निभाई। कप्तान हरमनप्रीत कौर ने शानदार तरीके से टीम को लीड किया और आईसीसी ट्रॉफी जीतने वाली भारत की पहली महिला कप्तान बन गईं। इस जीत के बाद से हरमन काफी उत्साहित हैं। इस जीत की खुशी में उन्होंने अपनी बांह पर एक खास टैटू भी बनवाया है। इसकी तस्वीर हरमनप्रीत ने अपने इंस्टाग्राम अकाउंट पर शेयर की है।दरअसल, भारतीय कप्तान ने ट्रॉफी का टैटू बनवाया है। साथ ही उस पर 52 लिखवाया है। यानी 52 साल के महिला वनडे विश्व कप के इतिहास में भारत ने देखूंगी और तुम्हारी आभारी रहूंगी।'पहली बार खिताब जीता।




साथ ही जीत का साल 2025 भी लिखा है। इस तस्वीर को साझा करते हुए हरमनप्रीत कौर ने कैप्शन में लिखा, 'हमेशा के लिए मेरी त्वचा और दिल में बस गए हो। पहले दिन से तुम्हारा इंतजार कर रही थी और अब मैं हर सुबह तुम्हें इससे पहले मंगलवार को बीसीसीआई ने हरमनप्रीत का एक वीडियो शेयर किया था, जिसमें उन्होंने विश्व कप और खुद से जुड़ी दिलचस्प बातें बताई थीं। वीडियो में हरमनप्रीत कहती हैं, 'मेरे लिए यह काफी भावुक कर देने वाला पल है, क्योंकि जैसे पहले भी मैंने बोला कि यह बचपन से मेरा सपना था। जब से टीवी देखना शुरू किया और क्रिकेट खेलना शुरू किया, तब से मेरा सपना था कि विश्व कप जीतना है और अगर मैं कप्तान होऊंगी तो मैं उसे मिस नहीं करूंगी। लगता है मैंने ये चीजें दिल से बोली थीं और भगवान ने एक एक करके सब सुन लिया। यह कोई जादू जैसा है। समझ नहीं आ रहा है